म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, अरेरा हिल्स किसान भवन जेल रोड भोपाल

क्र0/बोर्ड/विविध/जन./1/मा.बै./2024/2420

भोपाल, दिनांक 16/8/24

कार्यवाही विवरण

विषय:- माननीय न्यायालय के समक्ष लंबित याचिकाओं एवं अवमानना प्रकरणों के संबंध में बैठक दिनांक 01/08/24।

--000--

विषयान्तर्गत बैठक सूचना पत्र क्र0/ बोर्ड/ विविध/ जन./ 1/ मा.बै./ 2024/ 2337-38 दिनांक 24/07/24 के अनुक्रम में माह के प्रथम गुरुवार दिनांक 01/08/2024 को अपराह्न 3:00 बजे WEBEX के माध्यम से संभागीय कार्यालयों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमे संयुक्त/उप संचालक/प्रतिनिधि, आंचलिक कार्यालय, ...(समस्त), सम्मिलित हुए।

बैठक में निम्नानुसार मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई:-

1. मुख्य सचिव, म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 153/मुस/2016 दिनांक 12/05/2016 से प्रदत्त निर्देशों के अनुक्रम में न्यायालयीन प्रकरणों का परीक्षण कर प्रतिवादी के रूप में माननीय मुख्य सचिव महोदय का नाम दर्ज होने पर उक्त के विलोपन संबंधी कार्यवाही कराई जाये।
2. **अवमानना प्रकरण:-** मा. न्यायालय में कुल 58 अवमानना प्रकरण लंबित हैं, जिन प्रकरणों में मुख्यालय द्वारा निराकरण कर आदेश/पत्र की प्रति उपलब्ध करा दी गई है उन प्रकरणों में शीघ्र जवाबदावा प्रस्तुत किया जाये तथा जिनमें जवाबदावा प्रस्तुत करने हेतु मुख्यालय से अभिलेख आदि की आवश्यकता है, के संबंध में तत्काल समन्वय स्थापित कर निराकरण का प्रयास किया जाये।
3. **जानकारी अद्यतन किया जाना:-** मुख्यालय के पत्र क्रमांक 2228-29 दिनांक 20/05/24 द्वारा प्रत्येक माह की 10 तारीख तक प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये गए थे जिसका पालन किया जाना अपेक्षित है।
    a. आंचलिक कार्यालयों में विधि शाखा का कार्य सम्पादित करने वाले कर्मचारियों के नाम एवं दूरभाष क्रमांक की सूची संकलित कर वरिष्ठालय को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु भोपाल एवं रीवा संभाग के अतिरिक्त अन्य की जानकारी अप्राप्त है। जो मुख्यालय को उपलब्ध कराये का अनुरोध है।
    b. संभागीय कार्यालयों द्वारा प्रेषित न्यायालयीन प्रकरणों की सूची का पुनर्विलोकन कर जिन प्रकरणों में शासन अथवा मंडी बोर्ड/मंडी समिति की ओर से जवाबदावा प्रस्तुत नहीं है, उनमें तत्काल जवाबदावा प्रस्तुत किये जाने का अनुरोध है।

4. उपरोक्त बिंदु क्रमांक 1 से 4 तक की प्रगति की समीक्षा के संबंध में आगामी WEBEX के माध्यम से संभागीय कार्यालयों के साथ पुनः बैठक आयोजित की जाएगी।

अंत में उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गई।

सहायक संचालक, (विधि)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र0/बोर्ड/विविध/जन./1/मा.बै./2024/ 2421 भोपाल, दिनांक 16/8/24

प्रतिलिपिः-

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
2. संयुक्त/उप संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय........................(समस्त)।

सहायक संचालक, (विधि)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल